MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -11 मंदसौर, 2 सितम्बर 2026 बुधवार से 8 सितम्बर 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

## अनोखे प्रदर्शन के बाद जागा प्रशासन, मुक्तिधाम बड़ी पुलिया के गड्ढे भरे







मंदसौर। शहर में बदहाल सड़क और पुलिया की स्थिति को लेकर नागरिकों का अनोखा विरोध प्रदर्शन आखिरकार प्रशासन का ध्यान खींचने में सफल रहा। मुक्तिधाम बड़ी पुलिया पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को लेकर प्रदर्शनकारियों ने गड्ढों को श्रद्धांजलि देकर जिम्मेदारों का ध्यान सड़क की दुर्दशा की ओर आकर्षित किया।

प्रदर्शन के बाद पीआईयू सेतु विभाग के मंदसौर एसडीओ प्रवीण नरवरे ने मामले को तत्काल संज्ञान में लिया। इसके बाद विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए मुक्तिधाम बड़ी पुलिया पर हो रहे गड्ढों को भर दिया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर रात और बारिश के समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

अनोखे अंदाज में किया गया विरोध आखिरकार असरदार साबित हुआ और प्रशासन ने गड्ढों की मरम्मत कर समस्या का तत्काल समाधान किया।

## चार मासूमों की हत्या के दोषी को उम्रकैद, प्रत्येक बच्चे की मौत पर अलग सजा





फ़ाइल फोटो - घटना वाला कुआं

गरोठ। चार बच्चों की हत्या के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गरोठ निरंजन कुमार पांचाल ने आरोपी सुगनाबाई के पति रोडसिंह बंजारा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने चारों बच्चों की मौत के लिए आरोपी को अलग-अलग आजीवन कारावास तथा प्रत्येक मामले में 2-2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

प्रकरण के अनुसार ग्राम पीपलखेड़ा निवासी सुगनाबाई अपने पति की प्रताड़ना से परेशान होकर अपने खेत पर बने कुएं में 4 जुलाई 2024 की सुबह करीब 6ः15 बजे अपने चार बच्चों–कार्तिक (2 वर्ष), घंटी (9 वर्ष), अनुश्का (7 वर्ष) और मुस्कान (4 वर्ष)–को लेकर कूद गई थी। घटना में चारों बच्चों की मौत हो गई, जबकि सुगनाबाई जीवित बच गई।

घटना की सूचना मिलने पर थाना गरोठ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सुगनाबाई एवं उसके पति रोडसिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 85 एवं 55(3)(5) के तहत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आया कि रोडसिंह शराब पीने का आदी था तथा आए दिन पत्नी सुगनाबाई से विवाद कर उसे प्रताड़ित करता था। न्यायालय ने 31 अगस्त 2026 को आरोपी सुगनाबाई को धारा 103(1) बीएनएस के तहत चारों बच्चों की मृत्यु के लिए पृथक-पृथक आजीवन कारावास एवं 2-2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी दिलीप नरवाल ने की।

## रास्ते की समस्या को लेकर गरोठ दस्तक सोमवार को खबर को प्रमुखता से प्रकाशित तो वही गरोठ एसडीएम ने तुरंत ही

### राहगीर अभियान 2.0 की शुरुआत की



गरोठ। आज आम जनता की आवाज गरोठ दस्तक समाचार पत्र ने चाँदखेड़ी से छानकाखेड़ा 3 किमी रास्ते को लेकर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया

तो वही मंगलवार को गरोठ एस डी एम राहुल कुमार चौहान ने मामले को संज्ञान मे लेते हुवे कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन में राहगीर अभियान 2.0 गरोठ उपखंड की तहसील गरोठ, शामगढ़ और भानपुरा में अप्रैल माह में चलाये गये राहगीर अभियान की सफलता को देखते हुई राहगीर अभियान 2.0 का शुभारंभ एसडीएम राहुल चौहान के द्वारा की गई है इस चरण में शेष बचे रास्ते से अतिक्रमण मुक्त करना और ये से रास्ते जो खसरे, नक्शे और निस्तार पत्रक में दर्ज किए जाएँगे

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार व समस्त पटवारीयों की जनपद पंचायत गरोठ के सभा कक्ष मे बैठक ले कर निर्देश दिये आपको बता दे की गरोठ के सक्रिय एसडीएम राहुल चौहान मे ग्रामियों मे चलाये राहगीर अभियान मे गरोठ शामगढ़ भानपुरा तहसील क्षेत्र मे कई ऐसे रास्ते जों अतिक्रमण, ख़राब, बंद रास्तो को खुलाया और उन्हें मुहर्रम डालवा कर आम जनता व किसानों को अपने खेतो पर, टोले मजरे पर जाने के सुगम किए। गरोठ एस डी एम उस मामले की संज्ञान मे लेकर जल्द चांदखेडी से छानकाखेड़ा का 3 किमी का रास्ता सुगम बनाकर इन ग्रामीणो भी समस्या से जल्द निराकरण मिलेगा।

## भानपुरा पुलिस का मानवीय चेहरा, परिवार जनों ने दिया धन्यवाद




भानपुरा तहसील के गांव अरण्याभाऊ की नाबालिक का अपनी दादी से विवाद होने के कारण कहीं चले जाने की सूचना जैसे ही उप निरीक्षक बापू सिंह बामनिया को मिली तो थाना प्रभारी विनय बुंदेला के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 2 घंटे में नाबालिक को ढूंढ कर परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया । प्राप्त जानकारी अनुसार कल दिनांक 31 अगस्त 2026 को दोपहर करीबन 2ः00 बजे बालिका अपनी दादी से विवाद के चलते बस में बैठकर गरोठ चली गई थी जिसकी परिवार जनों द्वारा सूचना मिलते ही 2 घंटे में उप निरीक्षक पप्पू सिंह बामनिया ने टीम बनाकर अपने कार्य कुशलता से बरामद कर सकुशल परिवार जनों की सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी विनय बुंदेला के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक बापू सिंह बामनिया ने सहायक उप निरीक्षक प्रेमदास, सहायक उप निरीक्षक धन्नालाल योगी, आरक्षक कौशलेंद्र,प्रतीक तंवर ,कमल प्रताप की अलग-अलग टीमें बनाकर अपनी कार्य कुशलता से नाबालिक को मात्र 2 घंटे में सकुशल बरामद कर परिवार जनों को सौंपा तो परिवारजनों ने थाना प्रभारी एवं सहायक उप निरीक्षक बापू सिंह बामनिया को धन्यवाद प्रेषित कर आभार माना ।

## मालवी जीनगर समाज आर्थिक बचत समिति, मंदसौर के नवीन संचालक मंडल की घोषणा

### अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना मुख्य लक्ष्य - अध्यक्ष गोविंद कछावा

भानपुरा /मंदसौर । मालवी जीनगर समाज आर्थिक बचत समिति, मंदसौर (म.प्र.) के मुख्य संयोजक जगदीश चंद्र पंवार की सहमति से समिति के नवीन संचालक मंडल की घोषणा कर दी गई है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के बंधुओं को बेहद कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों को संबल मिल सके। इसके साथ ही, समिति समाज की पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति को अपने साथ जोड़कर उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है। घोषित किए गए नवीन संचालक मंडल की सूची में संयोजक जगदीश पंवार, परामर्शदाता राधेश्याम चौहान, दिनेश पंवार, संतोष साखला , संरक्षक गोपाल पंवार, दिलीप सोनगरा, शांतिलाल टांक, सुरेश निर्बाण, अध्यक्ष गोविंद कछावा, उपाध्यक्ष विजय आसेरी (एडवोकेट), सचिव दशरथ टांक , कोषाध्यक्ष गोविंद निर्माण , संचालकगण भेरूलाल चौहान, जितेंद्र सिसोदिया, राजकुमार चंदेल, दीपक टांक, गोपाल निर्माण शामिल है । नवीन कार्यकारिणी की घोषणा होने पर समाज जन ने हर्ष व्यक्त किया है और सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।



# संपादकीय

## दिल्ली में एसआईआर

दिल्ली में मतदाता सूची में सुधार के लिए चलाए गए गहन पुनरीक्षण या नि एसआईआर के बाद जारी की जाने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 47.7 लाख नाम फिलहाल बाहर कर दिए गए हैं। दिल्ली के करीब 1.45 करोड़ पुराने मतदाताओं में से लगभग 97.5 लाख लोगों के नाम ड्राफ्ट में शामिल किए गए हैं। जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं किए गए उन लोगों को 31 अगस्त से 30 सितम्बर तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया गया है। इन लोगों के फार्म या तो जमा नहीं हो पाए या उनसे सम्पर्क नहीं हो सका है। इन लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे नाम तथा अन्य कारणों वाली श्रेणी में रखा गया है। राजधानी दिल्ली को लघु भारत कहा जाता है, क्योंकि यहां देश के विभिन्न राज्यों के लोग रोजी-रोटी की तलाश में आए और यहीं के होकर रह गए। यहां के मतदाताओं को काफी प्रबुद्ध माना जाता है। दिल्ली के जनादेश को भारत के जनादेश का संकेत माना जाता है लेकिन एसआईआर के आंकड़ों में दिल्ली के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के आंकड़ों में काफी अंतर मिला। कुछ अल्पसंख्यक इलाकों में एसआईआर के आंकड़ों में बड़ा अंतर देखने को मिला। इन इलाकों में लाखों नाम ड्राफ्ट सूची से बाहर कर दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि इनके फार्म जमा ही नहीं हो पाए। विभिन्न राज्यों में हुए एसआईआर को लेकर पहले ही ?विवाद हो चुका है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले काफी लोगों के नाम काटे गए थे। एसआईआर में 27 लाख लोगों के नाम हटा दिए गए थे। ऐसे लोगों को अपना दावा और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा था। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को कड़े निर्देश भी दिए थे। मामला अब भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। अब आरटीआई के माध्यम से आए जवाब से पता चलता है कि चुनाव आयोग द्वारा गठित न्यायाधिकरणों के पास जिन लोगों ने अपना दावा पेश किया उनमें से करीब 91 प्रतिशत दावे सही साबित हुए और उनके नाम वोटर लिस्ट से जोड़ दिए गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के मुताबिक न्यायाधिकरणों ने अब तक 82782 अपीलों का निपटारा किया है। इनमें से 91 फीसदी यानि 7544 नाम मतदाता सूची में बहाल कर दिए गए हैं। यह जानकारी मिलते ही विपक्ष भड़का हुआ है और इसे भयंकर वोट चोरी करार दिया गया है। अभी न्यायाधिकरणों के पास काफी अपीलें लम्बित पड़ी हुई हैं। निपटाए गए मामलों में 91 प्रतिशत लोगों के नाम वापिस जुड़ना यह दर्शाता है कि योग्य और वास्तविक मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए गए और उन्हें मताधिकार से वंचित किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या न्यायापालिका नए चुनाव का निर्देश दे सकती है? खासकर तब जब कई सीटों पर हटाए गए वोटरों की संख्या जीत के अंतर का ज्यादा होने का दावा किया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने 31 विधानसभा क्षेत्रों का ब्यौरा दिया, जिनमें भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर एसआईआर के दौरान हटाए गए वोटरों की संख्या से कम था। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर 100 नाम हटे और जीत का अंतर 50 रहा हो और 60-70 लोगों ने अपील की तो मामला अहम बन जाता है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले भी काफी विवाद हुआ था। चुनाव आयोग द्वारा संचालित एसआईआर प्रक्रिया देश के कई हिस्सों में मतदाताओं के मताधिकार के हनन का स्पष्ट कारण बन रही है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की अनुमति मिलने के बाद, तेलंगाना और कर्नाटक की मतदाता सूचियों से एसआईआर द्वारा हर पांचवां नाम हटा दिया गया है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर 55 हजार की चोरी: राखी मनाने रतलाम से इंदौर गया था परिवार; शहर में चड्डी-बनियान गैंग भी सक्रिय

रतलाम। चोरों ने आतंक मचा रखा है। चोर लगातार सूने मकानों को अपना निशाना बनाते जा रहे हैं। शहर के समता परिसर में एक सूने मकान का ताला तोड़ चोर हजारों रुपए की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। दो चोर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी में कैद हुए हैं। सीसीटीवी वीडियो रविवार रात सामने आया।



चोरी की घटना स्टेशन रोड थाना अंतर्गत समता परिसर में रहने वाले स्नेहल द्विवेदी पिता अमरीश द्विवेदी निवासी के मकान पर 28 अगस्त की रात की है। स्नेहल द्विवेदी ने बताया कि मैं प्राइवेट जॉब करता हूं। 27 अगस्त की सुबह मेरे पिता अमरीश द्विवेदी अजमेर गए थे। मैं तथा मेरी मां तृप्ति, पत्नि अरुणीमा हम सभी लोग राखी मनाने के लिये इंदौर गए थे।

28 अगस्त की शाम किराएदार ने सूचना दी। मुख्य डोर का लॉक टूटा है। उसी रात रतलाम लौटे। देखा तो चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ रखा था। पुलिस को सूचना दी। घर में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा था। बदमाश घर की अलमारी से 45 हजार नकदी, करीब 40 ग्राम चांदी कीमत करीब 10 हजार रुपए कुल 55 हजार रुपए की चोरी कर ले गए।

### रात में सामने आया वीडियो

चोरी को हुए तीन दिन हो चुके हैं। चोरी की घटना के दो दिन बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। चोर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी में कैद हुए हैं। चोरों का वीडियो रविवार रात सामने आया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### चड्डी बनियान गैंग भी सक्रिय

शहर में लगातार चड्ढी बनियान गैंग भी सक्रिय है। 28 अगस्त की रात ही इस गैंग ने शहर के थाना औद्योगिक क्षेत्र के आसाराम नगर में चोरों ने दो सूने मकानों को अपना निशाना बनाते हुए नकदी व जेवरात चुरा ले गए थे।

चोरों ने कृषि विभाग के भूमि संरक्षण सर्वे अधिकारी जगदीश गणावा के मकान से करीब 60 हजार रुपए से अधिक नकदी और सोने-चांदी के आभूषण ले गए थे। इसके बाद पास में रहने वाले हलवाई के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन पुलिस अभी तक चोरी करने वाली गैंग को तलाश नहीं कर पाई।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा





दूध डेयरी का सामान



डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।



साथ ही



आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।



L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन



एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।





चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814



आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के च श्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# मंदसौर-सीतामऊ रोड पर सरसों से भरा ट्रक पलटा-सोमली नदी से कुछ फीट पहले हादसा; ड्राइवर को हाथ में फ्रैक्चर

**मंदसौर। सीतामऊ रोड पर अरनिया निजामुद्दीन के पास सोमली नदी की पुलिया के पास सरसों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर घायल हो गया, जिसके हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। गनीमत रही कि ट्रक नदी में गिरने से कुछ फीट पहले ही पलट गया।**

पुलिस के अनुसार, ट्रक क्रमांक RJ 09 G F 2390 सरसों से भरा था और चोमेला से नीमच की ओर जा रहा था। अरनिया निजामुद्दीन के पास सोमली नदी की पुलिया के पास अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया। इसके बाद वह सड़क किनारे पलट गया, जिससे उसमें भरे सरसों के कट्टे सड़क पर बिखर गए।

यह हादसा सोमली नदी की पुलिया के बिल्कुल नजदीक हुआ। बताया गया है कि ट्रक नदी से महज कुछ फीट की दूरी पर पलटा। ट्रक कुछ फीट और आगे चला जाता, तो वह नदी में गिर सकता था।

**ट्रक ड्राइवर के हाथ में फ्रैक्चर**

हादसे में ट्रक ड्राइवर हुकुमचंद पिता खेमराज (30), निवासी कोटा घायल हो गए। उनके हाथ में फ्रैक्चर हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही नई आबादी थाना पुलिस की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल ड्राइवर को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज हुआ।

हादसे में अन्य किसी के घायल होने या जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर ने बताया कि ट्रक पलटने के बाद मौके पर सरसों के कट्टे बिखर गए। माल को दूसरे वाहन में शिफ्ट करवाया गया।



# रेलवे स्टेशन पर महिला का पर्स चुराते पकड़ाया युवक

मंदसौर। दलोदा रेलवे स्टेशन पर महिला का पर्स चुराते युवक को यात्रियों ने पकड़ लिया। इसके बाद महिला और उसके भाई ने युवक की प्लेटफॉर्म पर ही पिटाई कर दी। घटना के दौरान स्टेशन पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। घटना रविवार शाम करीब 6 बजे की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शामगढ़ निवासी कपिल मीणा अपनी बहन कविता के साथ गुजरात के वापी जाने के लिए दलोदा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्हें दलोदा से डेमो ट्रेन से रतलाम जाना था, जहां से वे गुजरात के लिए अपनी आगे की यात्रा करते। इसी दौरान, स्टेशन पर मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक ने कविता के पर्स पर हाथ साफ करने का प्रयास किया। महिला को जैसे ही पर्स चोरी करने की कोशिश का पता चला, उसने तुरंत युवक को पकड़ लिया।

**जीआरपी ने हिरासत में लिया**

महिला ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसके भाई कपिल ने भी युवक के साथ मारपीट की। प्लेटफार्म पर हंगामा होने पर आसपास मौजूद अन्य यात्री भी मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस (GRP) मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान जावरा निवासी ललित पिता दीपक धोबी के रूप में हुई है। अब आरोपी और फरियादी पक्ष को लेकर नीमच GRP थाने के लिए रवाना हुई है। बताया जा रहा है कि फरियादी पक्ष की शिकायत के आधार पर नीमच GRP थाने में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।












# एमपी पुलिस में बंपर भर्ती का एलान... 9,662 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव ईएसबी को भेजा, सितंबर में जारी होगा विज्ञापन




भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस में आरक्षक (जीडी), ड्राइवर, उप निरीक्षक और सूबेदार के मिलाकर 9,662 पदों पर भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय ने कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को प्रस्ताव भेज दिया है। सितंबर में भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होगा। पिछली भर्ती की तरह छह माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है। यानी अगले वर्ष मार्च तक इनकी नियुक्ति हो जाएगी।

**मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के लिए कहा**

बता दें, उज्जैन में वर्ष 2028 में होने जा रहे सिंहस्थ की दृष्टि से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भर्ती प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के लिए कहा है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि भर्ती नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्ष 2025 में जिन नियमों के अंतर्गत आरक्षक और उप निरीक्षकों के पदों पर भर्ती की गई थी वही इस बार भी लागू रहेंगे।

**पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन भी हो जाने के आसार**

उप निरीक्षक व सूबेदार के लिए लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा और साक्षात्कार होगा, जबकि आरक्षकों के लिए लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी, पर साक्षात्कार नहीं। दोनों की मेरिट तैयार करने में शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंक भी जुड़ेंगे।

यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले वर्ष फिर विभिन्न श्रेणी के आठ हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। तब तक पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन भी हो जाने के आसार हैं।

बोर्ड से जल्दी-जल्दी हो सकेगी पुलिस भर्ती

बता दें, मुख्यमंत्री ने पुलिस में भर्ती के लिए अन्य राज्यों की तरह बोर्ड बनाने के लिए कहा है, जिससे आवश्यकता के अनुसार जल्दी-जल्दी भर्ती की जा सके।

अभी कर्मचारी चयन मंडल के पास काम का दबाव अधिक होने के कारण कई बार परीक्षाएं कराने में विलंब भी होता है।

वर्ष 2023 की पुलिस आरक्षकों की भर्ती में आधार बायोमैट्रिक अपडेट कराकर मुन्नाभाइयों के परीक्षा में बैठने के मामले भी आ चुके हैं।

# गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड ने पति-पत्नी को मार डाला- 2 साथियों संग पत्थरों से सिर कुचला

गरोठ। मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम चांदबर्डा में बुजुर्ग दंपती की हत्या कर चांदी के जेवरात लूटने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस अंधे दोहरे हत्याकांड की जांच में पुलिस के सामने जो कहानी आई, उसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। लूट की साजिश में प्रेम संबंध, घर की अंदरूनी जानकारी और लालच की कड़ी जुड़ी हुई सामने आई है।

पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल बताए गए चौथे आरोपी राजेश कीर ने घटना के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए चांदी के आमले, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित खून से सने कपड़े तथा हत्या में प्रयुक्त पत्थर बरामद किए हैं।

## खेत की झोपड़ी में सो रहे थे बुजुर्ग दंपती

घटना 24-25 अगस्त की दरमियानी रात की है। ग्राम चांदबर्डा निवासी देवीलाल बंजारा और उनकी पत्नी भुलीबाई गांव से दूर खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने झोपड़ी में घुसकर दोनों पर भारी पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में देवीलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भुलीबाई गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल भुलीबाई को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इसके बाद मामला साधारण हत्या से बढ़कर दोहरे हत्याकांड और लूट में बदल गया।

## चांदी के आमलों ने खोली लूट की कड़ी

मृतक के पुत्र नारायण ने पुलिस को बताया कि उसकी मां भुलीबाई चांदी के भारी आमले पहनती थीं, लेकिन घटना के बाद उनके पैरों से आमले गायब थे। इससे पुलिस को हत्या के पीछे लूट की आशंका हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ राम सनेही मिश्रा और एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गरोठ उनि बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया।




# एमपी के 20 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी, 2 सितंबर से फिर भीगेगा पूरा प्रदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर पूरी ताकत से सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दो और तीन सितंबर से प्रदेश भर में वर्षा का नया दौर शुरू होगा। वर्तमान में नमी के चलते आसमान पर बादल छाए हुए हैं और उत्तरी हवाएं चल रही हैं। वहीं, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा की ओर बढ़ रहा है, इसके प्रभाव से वर्षा की गतिविधियों में तेजी आएगी। मौसम विज्ञानी बीएस यादव ने बताया कि दो और तीन सितंबर से प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में जोरदार वर्षा शुरू होगी। इसके बाद सिस्टम के आगे बढ़ने पर चार और पांच सितंबर को भोपाल सहित मध्य क्षेत्र के जिलों में तेज वर्षा का सिलसिला देखने को मिलेगा।




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटरर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306